राज्यस्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में 405 पशुपालकों को किया गया सम्मानित

चर्चा में क्यों?

12 जनवरी, 2022 को राजस्थान के शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में वर्चुअली आयोजित राज्यस्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में राज्य के 405 प्रगतिशील पशुपालकों को सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री लालचंद कटारिया ने बबाई (खेतड़ी) में 10 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से तैयार नवीन डेयरी संयंत्र का भी लोकार्पण किया।
- राज्य स्तर पर कृषि एवं पशुपालन सम्मानित होने वाले 2 पशुपालकों को पचास-पचास हज़ार रुपए, ज़िला स्तर पर सम्मानित होने वाली सात महिला पशुपालकों सहित 68 पशुपालकों को पच्चीस-पच्चीस हज़ार रुपए तथा पंचायत समिति स्तर पर सम्मानित होने वाली 32 महिला पशुपालकों सहित 335 पशुपालकों को दस-दस हज़ार रुपए की राशि प्रोत्साहनस्वरूप प्रदान की गई है।
- राज्य स्तर पर बीकानेर ज़िले के सुरेंद्र कुमार एवं सीकर ज़िले के पशुपालक सुभाष चंद को शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया द्वारा प्रशस्ति-पत्र तथा 50-50 हज़ार रुपए की राशि पारितोषिक स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
- ज़िला स्तर पर संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर ने पशुपालकों को सम्मानित किया। राज्यस्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में प्रदेश के 405 पशुपालकों को 51.50 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।
- शासन सचिव पशुपालन, डॉ. आरुषी मलिक ने कहा कि किसानों की तरह पशुपालकों को भी उनके क्षेत्र में मान-सम्मान मिले, इसके लिये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पशुपालकों के लिये सम्मान समारोह आयोजित करने की बजट में घोषणा की थी।
- उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार कर पशुधन उत्पादन के नए आयाम स्थापित करने वाले प्रगतिशील पशुपालकों का चयन कर हर वर्ष सम्मानित किया जाएगा, जिससे प्रदेश के अन्य पशुपालक भी प्रेरित हों और पशुधन विकास में अहम भागीदारी निभा सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/405-animal-owners-were-honored-in-the-state-level-pashupalak-samman-ceremony